**प्रेस नोट**

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात** **दिनांक- 02.08.2026**

➢ **थाना देवराहट पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए 11 वर्षों से वांछित ₹ 25,000/- की पुरस्कार घोषित मफ़रूर अभियुक्ता को किया गया गिरफ्तार।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात में अपराधों की रोकथाम, खुलासे, वांछित एवं पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में थाना देवराहट पर पंजीकृत मु0अ0स0 28/15 धारा 302 भादवि0 में अभियुक्ता सोना पत्नी बलवान सिंह निवासिनी चैन का पुरवा थाना देवराहट जनपद कानपुर देहात पिछले 11 वर्ष से वांछित थी, जिसके विरुद्ध 82/83 सीआरपीसी की कार्यवाही 01/08/2015 को की जा चुकी थी । इसी क्रम में माननीय न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा 31/01/2024 को अभियुक्ता उपरोक्त को मफरूर घोषित कर दिया गया था तथा अभियुक्ता के विरुद्ध माननीय न्यायालय द्वारा स्थाई वारंट जारी किया गया था । पुलिस द्वारा अथक प्रयास व पतारसी / सुरागसी द्वारा भी अभियुक्ता की गिरफ्तारी नहीं हो पा रही थी। इस कारण पुलिस अधीक्षक महोदया द्वारा ₹ 25,000/- का पुरस्कार घोषित किया गया था । जिसमें थाना देवराहट पुलिस टीम द्वारा अथक प्रयास करते हुए दिनांक 04.08.2026 को अभियुक्ता को बिल्हापुर मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारशुदा अभियुक्ता को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्ता का नाम पता-**

1. सोना पत्नी बलवान सिंह निवासिनी चैन का पुरवा थाना देवराहट जनपद कानपुर देहात ।

**अभियुक्ता का आपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0स0 28/15 धारा 302 भादवि थाना देवराहट जनपद कानपुर देहात।

**गिरफ्तार करने वाली थाना देवराहट पुलिस-**

1. थानाध्यक्ष श्री सौरभ राणा
2. उ0नि0 श्री ओम प्रकाश मिश्रा
3. मु0आ0 दीपक यादव
4. मु0आ0 पवन कुमार
5. आ0 241 लोकेन्द्र सिंह
6. आ0 भूपेंद्र सिंह
7. म0आ0 वंदिता पटेल